53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.5°c अधिकतम 35.3 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:22, सूर्यास्त - 7:10 | वर्ष : 53/ अंक : 142 | शनिवार, 24 मई 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, द्वादशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

अगर ईश्वर दे दे तो कोई छीन नहीं सकता, अगर वो छीन ले तो कोई दे नहीं सकता।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

पाकिस्तान तिलमिला रहा है, यह बात तो ठीक, लेकिन राहुल गांधी क्यों तिलमिला रहे हैं? : तरुण चुघ



यह बात तो कांग्रेसियों की समझ में भी नहीं आ रही है......

## मंसूरपुर डिस्टिलरी पर भड़के राजू अहलावत

# बोले अपनी सरकार के कारण हूँ लाचार, नहीं तो दो मिनट में कर दूँ मिलीभगत करने वाले अधिकारियों का उपचार

**मुजफ्फरनगर, 23 मई (बु.)।** आज कलेक्ट्रेट में एडीएम ई संजय कुमार सिंह के कार्यालय में भाजपा के ही किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजू अहलावत का अपनी ही सरकार में अजीबो गरीब रंग देखने को मिला। प्रशासनिक अधिकारियों की सरशादी लाल डिस्टिलरी एण्ड कैमिकल वर्क्स के मालिकों से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए राजू अहलावत ने एडीएम ई संजय कुमार सिंह को साफ तौर पर कह दिया कि आप जैसे अधिकारियों की मिलीभगत से ही मिल मालिकों के हौसले इतने बुलंद हो रहे हैं कि वह दो साल से फैक्ट्री में काम रहे मजदूरों की तनख्वाह मारकर बैठे हैं और आप लोग कर्मचारियों का बेवकूफ बना रहे हैं। राजू अहलावत ने कहा कि उन्हें साफतौर पर पता लग चुका है कि उक्त मिल बिकने की कगार पर है और बिक जाने के बाद दो साल से रुका मजदूरों का पैसा आने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि तुम अधिकारियों के बसका नहीं है तो मुझे खुली छूट दो मैं तो सरकार के पद के चक्कर में बंध गया हूँ नहीं तो तुम जैसे अधिकारियों को दो मिनट में घुटने पर चलाना मुझे आता है। आज मुझे या तो इन मजदूरों का भुगतान चाहिए या फिर जमीन पर बैठकर यहीं हम लोग प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि दो बेटियों के पिता को उनके विवाह करने थे और दो साल से पैसा न मिल पाने के कारण उन बेटियों के पिता को हार्ट



अटैक आ चुका है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि तुम दो साल छोड़ो अपनी तीन तीन महीने की तनख्वाह रुकवाकर दिखा दो तब पता चलेगा कि कैसे घर का गुजारा, बच्चों



की फीस भरी जाती है। हमारी ही सरकार में अधिकारी हमें मजबूर कर रहा है अब भाजपा छोड़ने का। हम तो इसलिए खामोशी से बैठे हैं कि कहीं हम अपनी पर आ जाएं और फिर भाजपा हाईकमान हमें नोटिस भेजती रहे और हमें पद से हटा दिया जाये और जब भी हम पद से हटेंगे तो आप अधिकारियों का ही इसमें योगदान होगा। राजू अहलावत ने अधिकारियों को खुली चुनौती देते हुए साफ कहा कि अगर तुम्हारे बसका कुछ नहीं है तो अब हमें हाइवे का रास्ता रोकना पड़ेगा। अब तक हम मर्यादाओं में बंधे हुए थे मगर मर्यादा तोड़नी पड़ी तो किसी पद की परवाह करते हुए हम तुरन्त मर्यादा तोड़ने का काम भी करेंगे। राजू अहलावत द्वारा सहायक श्रमायुक्त देवेश सिंह को अपने साथ जमीन पर बैठा लिया गया और वहीं बैठकर उन्हें खरी खोटी सुनाई गयी। आपको बता दें कि मजदूरों के लम्बित भुगतान की मांग को लेकर सभी मिल कर्मियों ने 44 दिन तक धरना दिया था, प्रशासन ने तब भी मीठी गोली देकर 44 दिन बाद यह कहकर कि भुगतान जल्द हो जाएगा, धरना समाप्त करा दिया था, मगर अब तक कोई भुगतान न होने के कारण राजू अहलावत को हंगामे का निर्णय लेना पड़ा। फिलहाल जिलाधिकारी के आदेश पर फैक्ट्री सील करने का नोटिस चस्पा कर दिया गया है और तब तक मजदूरों का लम्बित भुगतान नहीं होता तब तक उक्त फैक्ट्री सील रहेगी। इसके बाद राजू अहलावत कार्यवाही के बाद देर शाम दफ्तर से वापस चले गए। घटनाक्रम के दौरान एडीएम ई संजय सिंह के साथ-साथ नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप मौजूद रहे।

## लो...जी... आबकारी पुलिस चौकी पर तैनात हैड कांस्टेबल पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले शुभम त्यागी पर लगे गंभीर आरोप

**▶ रिया किन्नर ने लगाया 1 करोड़ रुपये की ठगी का आरोप**

**मुजफ्फरनगर, 23 मई (बु.)।** तीन दिन पहले शुभम त्यागी नाम के व्यक्ति ने आबकारी पुलिस चौकी पर तैनात हैड कांस्टेबल नरेन्द्र तेवतिया का तुलसी पार्क में पैसे का लेन-देन करते हुए एक फोटो व अपना एक मीडिया बयान जारी करते हुए बताया था कि नरेन्द्र तेवतिया ने उनसे दस हजार रुपये लिये हैं मगर बड़ी बात यह है कि आज खुद ही शुभम त्यागी व उसके पिता रजनीश त्यागी धोखाधड़ी के आरोप में पूरी तरह घिर गए। बचन सिंह कॉलोनी से आए लगभग आधा दर्जन लोगों ने एसएसपी को अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि शुभम त्यागी नाम के एक व्यक्ति ने विभिन्न प्रकार के वाहनों को सस्ते दामों में देने के नाम पर व अन्य कई तरीकों से कई लोगों को रुपये ले रखे हैं। और रुपये लेने के बाद उन्हें मुनाफा देने का भी वादा किया था मगर तीन महीने से 35 महिलाओं को कोई मुनाफा नहीं दिया गया और इन 35 महिलाओं की रकम लगभग 1 करोड़ रुपये बताई गयी है, जिसमें पिंकी वर्मा से 6.40 लाख, दीपक कुमार से 3 लाख, प्रभा देवी से 6 लाख, सीमा से 2 लाख, राकेश से 90 हजार, सुनील से 1.55 लाख, पंकज दक्ष से 1.65 लाख, सचिन त्यागी से 1.35 लाख से लिए हुए हैं। इसी प्रकार ऐसी कई महिलाएं और हैं, जो डर के मारे चुपचाप बैठी हैं। ऐसे में रिया किन्नर के नेतृत्व में उक्त सभी लोग आज एसएसपी कार्यालय पहुंचे और उन्होंने योगी सरकार से गुहार लगाई कि योगी सरकार महिलाओं की मदद करने वाली सरकार है। उन्हें उम्मीद है कि ये सरकार धोखाधड़ी करने वाले शुभम त्यागी व रजनीश त्यागी पर कार्यवाही करके उन्हें न्याय दिलाने का काम करेंगे। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने मामले की जांच सीओ मंडी रुपाली राव को सौंपी है। सीओ की रिपोर्ट के आधार पर ही आगामी कार्यवाही की जाएगी।



## योगी सरकार में मृत गायों की दुर्दशा

जानसठ, 23 मई (बु.)। योगी सरकार में भी गौवंशों की दशा ऐसी होगी, यह कोई सोच भी नहीं सकता। नगर पंचायत जानसठ की एक गौशाला से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उक्त वीडियो में साफतौर पर दिखाई पड़ रहा है कि एक मृत गौवंश को किस तरह से कूड़े ढ़ेर पर डाल रखा है। ऐसे में यह तस्वीर साफ बता रही है कि गौशालाएं चलाने वालों का प्रबंधन गौवंशों की सेवा के प्रति कितना सजग होगा। इस वीडियो के चलने के बाद कई तरह के प्रश्न चिन्ह नगर पंचायत जानसठ पर खड़े हो गये हैं। उक्त मामले में जब एसडीएम जानसठ जयेन्द्र सिंह से बात की गयी तो उन्होंने उक्त घटना का संज्ञान लेते हुए नगर पंचायत जानसठ के अधिशासी अधिकारी मनीष कुमार वर्मा को नोटिस जारी किया है और उनसे तत्काल स्पष्ट जवाब मांगा है साथ ही चेतावनी दी गयी है कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। वहीं हिन्दू संगठनों में आक्रोश पनपा हुआ है और उनका कहना है कि सरकार गौशाला के लिए करोड़ों रूपये का बजट दे रही है। इसके बावजूद भी प्रशासनिक अधिकारियों ने गौवंशों का ये हाल कर रखा है।

**जानसठ नगर पंचायत में कूड़े ढ़ेर पर डाला गया गौवंश का शव**



## यूपी में लौटा कोरोना वायरस, गाजियाबाद में मिले 4 मरीज

**गाजियाबाद, 23 मई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक बार फिर कोरोना वायरस ने दस्तक दी है। स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि की है कि चार नए कोरोना संक्रमित मरीज सामने आए हैं। जिले में कुछ समय से कोरोना के मामले पूरी तरह थम गए थे, लेकिन अब इन नए केस ने प्रशासन और आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। गाजियाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अखिलेश मोहन ने जानकारी दी कि पिछले 24 घंटे में चार लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इन मरीजों में एक पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं, जिनकी उम्र 18 से 71 साल के बीच है। 18 वर्षीय युवती यशोदा अस्पताल कौशांबी में भर्ती है। 37 वर्षीय महिला और बेंगलुरु से वापस आए वसुंधरा निवासी दंपति, पति/71 वर्ष, पत्नी/64 वर्षीय को होम आइसोलेशन में रखा गया है। उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। हम स्थिति पर पूरी निगरानी बनाए हुए हैं। कांटेक्ट ट्रेसिंग की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है और हम लगातार टेस्टिंग बढ़ा रहे हैं। कोरोना के नए मामलों ने यह संकेत जरूर दिया है कि महामारी का खतरा अभी पूरी तरह टला नहीं है। स्वास्थ्य विभाग लोगों से अपील कर रहा है कि वे सतर्क रहें और मास्क, सैनिटाइजर और सोशल डिस्टेंसिंग जैसे कोविड अनुरूप व्यवहार को फिर से अपनाएं। सीएमओ डॉक्टर अखिलेश मोहन के अनुसार सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट पर रखा गया है। टेस्टिंग की सुविधा बढ़ाई जा रही है और अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि वे कोविड बेड और दवाइयों की तैयारियां फिर से सुनिश्चित करें।



## 851 किलो डोडा व 10 लाख रुपये की नकदी के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 23 मई (बु.)।** क्राइम ब्रांच व पुरकाजी पुलिस की टीम ने नशीले पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नशा तस्कारों के पास से पुलिस ने 851 किलो डोडा व 10 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। उक्त नशा तस्कर दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में पिछले काफी समय से डोडा की सप्लाई कर रहा था। तस्करी में उसका भाई भी उसके साथ मिलकर काम करता है। पुलिस गिरफ्तार हुए नशा तस्कर के भाई की भी तलाश में जुट गयी है। एसएसपी संजय कुमार ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए जानकारी दी कि पुरकाजी पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली कि क्षेत्र के धमात नहर के पास अवैध नशीले पदार्थ के तस्कर जयदेव उर्फ सोनू निवासी गांव सालवन थाना असंध जनपद करनाल मौजूद है, तो पुरकाजी पुलिस व क्राइम बांच की टीम ने योजना बनाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने उसकी निशानदेही पर जंगल में छिपाकर रखा गया लगभग 851 किलो डोडा बरामद किया है। इसके अलावा एक इलेक्ट्रानिक कांटा, तिरपाल भी बरामद किया है। चैकिंग में पुलिस को उसके पास से एक बैग मिला, जिसमें 10 लाख रुपए नकद थे। पुलिस पूछताछ में जयदेव उर्फ सोनू ने बताया कि उसने पुलिस चैकिंग के डर से डोडा को जंगल में छिपाकर रखा था। उसका भाई बबली निवासी गांव सालवन डोडा बेचने के लिए कुछ लोगों के पास गया है। पुलिस उसके भाई की तलाश में जुट गई है। तस्कर से बरामद हुए डोडा की कीमत लगभग 70 लाख रुपए आंकी गयी है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।



### उत्तराखंड से लाया जा रहा था डोडा

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी संजय कुमार ने बताया कि तस्कर पिछले कई वर्षों से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करता आ रहा है। डोडा को उत्तराखंड से खरीदकर लाया जाता है और उसके बाद दिल्ली एनसीआर समेत कई जिलों में इसकी सप्लाई की जाती है। अधिकतर डोडा हाइवे किनारे ढाबों पर सप्लाई किया जाता है। जनपद में कई स्थानों पर डोडा की सप्लाई ढाबों पर की जा रही थी। पुलिस पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

### टीम को 25 हजार का इनाम

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तस्कर को गिरफ्तार करने वाली टीम में शामिल थाना प्रभारी पुरकाजी जयवीर सिंह, एसआई नवीन कुमार गौतम, विक्रम विरेन्द्र सिंह व क्राइम ब्रांच से एसआई अजय गौड, अखिल चौधरी, मोहित चौधरी, हैड कांस्टेबिल जितेन्द्र त्यागी, जोगिन्द्र सिंह, गुरनाम, कांस्टेबिल तरुण पाल आदि को 25 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की गयी है।

## उत्तर प्रदेश के 6 लाख प्राइमरी अध्यापकों के लिए बड़ी खुशखबरी, 5 साल की टाइम लिमिट की बाध्यता हटी

**मुजफ्फरनगर, 23 मई (बु.)।** यूपी सरकार ने अपनी पॉलिसी के तहत प्राइमरी टीचर्स को उपहार के रूप में बड़ी खुशखबरी दी है। अब एक जिले से दूसरे जिले के ट्रांसफर पहली बार पांच वर्ष की टाइम लिमिट की बाध्यता हटा दी है। आपको बता दें कि अब से पहले एक जिले से दूसरे जिले में प्राइमरी टीचर्स को कम से कम पांच साल तक ठहरना पड़ता था मगर अब प्राइमरी टीचर्स उससे पहले ही अपना तबादला दूसरे जिले में करा सकेंगे। दूसरे जिले में ट्रांसफर के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा यह शर्त लागू की गयी है कि जब कोई शिक्षक एक जिले से दूसरे जिले में ट्रांसफर होकर जाएगा तो उसे जिले की वरीयता सूची में सबसे नीचे रखा जाएगा। यानि वह जिले का सबसे जूनियर टीचर होगा। ट्रांसफर कराते समय टीचर्स से शपथ पत्र भी लिया जाएगा कि वह दूसरे जिले में पहुंचकर कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराएगा। साथ ही भविष्य में प्रोन्नति के लिए वरीयता सूची में उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए प्रयास नहीं करेगा। इन तबादलों के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई जाएगी। कमेटी में मुख्य विकास अधिकारी, डायट के प्राचार्य को सदस्य और बेसिक शिक्षा अधिकारी को सदस्य सचिव बनाया जायेगा। इसी के साथ-साथ




यह नियम भी रखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षकों के तबादले भी जिले के अंदर दूसरे ग्रामीण क्षेत्र में ही होंगे, नगरीय क्षेत्र के स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों का तबादला भी नगरीय क्षेत्र में ही होगा। इस पूरी प्रक्रिया में हजारों शिक्षकों को राहत मिलेगी।

## 2 मासूम बच्चों से अप्राकृतिक कुकर्म का प्रयास

**▶ पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश में दी दबिश**

**▶ आरोपी पूर्व में भी कर चुका है इस तरह की हरकतें**

**बुढ़ाना, 23 मई (बु.)।** एक कामांध व्यक्ति अल्पसंख्यक समुदाय के 2 मासूम बच्चों को अप्राकृतिक कुकर्म करने के इरादे से ट्यूबवैल पर ले गया। तब मौहल्ले के ही किसी युवक के द्वारा परिजनों को पता लग गया तो वे मौके पर पहुंचे तो आरोपी दोनों बच्चों के परिजनों को आता देख मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। आरोपी इस तरह की हरकतें पहले भी कर चुका है। पीड़ित परिवार ने बुढ़ाना पुलिस को तहरीर दी तो पुलिस ने आरोपी के घर पर दबिश दी, लेकिन वो पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा सका और फरार हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के बड़कता रोड निवासी अल्पसंख्यक समुदाय के दो बच्चे जिनकी उम्र लगभग 6-7 साल है। वे बीते बृहस्पतिवार के दिन अपने घर के बाहर खेल रहे थे। तब उनके पास इसी मौहल्ले का निवासी एक चर्चित कामान्ध व्यक्ति नितिन कुमार आया और



मौका पाकर उनको बहला-फुसलाकर इसी रोड पर स्थित एक किसान की ट्यूबवैल पर ले गया और उनसे छेड़छाड़ करने लगा। उधर किसी युवक ने दोनों बच्चों के साथ नितिन को जंगल की ओर जाते देखा तो उसे किसी अनहोनी की आशंका हुई और उसने बच्चों की पहचान कर उनके परिजनों को बताया तो परिजन भागते-दौड़तै मौके पर पहुंचे तो कामांध युवक दोनों बच्चों को छोड़कर फरार हो गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बच्चे नग्न अवस्था में थे और आरोपी ने विरोध करने पर उनको पीटा भी हुआ था। इस घटना की सूचना परिजनों ने उसी समय बुढ़ाना पुलिस को दी, तो पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी की तलाश में दबिश दी, लेकिन आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। इस मामले को लेकर तरह तरह की चर्चाएं थी। कोई कह रहा था कि बच्चों के साथ अप्राकृतिक कुकर्म हुआ है तो कोई कह रहा था कि प्रयास हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी। बुढ़ाना पुलिस ने वैसे अभी दोनों बच्चों का मेडिकल नहीं कराया है, जिसको लेकर परिजनों और मौहल्ले के लोगों में भारी रोष बताया गया है। दूसरी ओर मौहल्ले के लोगों के अनुसार उक्त आरोपी नितिन पहले भी एक बच्चे के साथ अप्राकृतिक कुकर्म करने के आरोप में जेल में जा चुका है, जो अब जमानत पर आकर फिर से बच्चों की तलाश में लग गया है।

## नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर हुए फरार

**बुढ़ाना, 23 मई (बु.)।** एक महिला सहित 04 लोगों पर एक किशोरी को बहला- फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगा है। बुढ़ाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए किशोरी की बरामदगी और सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के एक व्यक्ति ने बुढ़ाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीती 21 मई की अलसुबह में उसकी नाबालिग पुत्री को सुमित पुत्र ऋषिपाल उर्फ पिन्टू, ऋषिपाल उर्फ पिन्टू पुत्र चरण सिंह, रोहित पुत्र ऋषिपाल उर्फ पिन्टू व ऋषिपाल उर्फ पिन्टू की पत्नी सभी निवासीगण गांव बिटावदा बुढ़ाना बहका-फुसलाकर घर से लेकर फरार हो गये। बताया जाता है कि पीड़ित व्यक्ति ने पहले तो अपनी नाबालिग पुत्री को इधर-उधर तलाश किया, लेकिन जब वह नहीं मिली तो फिर पीड़ित ने अंदेशा जताते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद किशोरी की सकुशल बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिये थे। बुढ़ाना पुलिस ने सभी आरोपियों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश भी दी, लेकिन किशोरी और आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका।



# अगर पवित्र रही प्रशासन की मंशा, तो सड़कों पर चैन से चल सकेगी जनता

**मुजफ्फरनगर, 23 मई (बु.)।** अवैध ई-रिक्शाओं को जनपद से खत्म करने व रूट निर्धारण के अनुसार ई-रिक्शाओं को चलाने का ऐलान मुजफ्फरनगर जनपद का प्रशासन तीन दिन पहले कर चुका है। इस सम्बंध में पूर्व घोषित बैठक के अनुसार शुक्रवार को पुलिस लाइन में ई-रिक्शा चालकों व नगर के व्यापारियों के साथ मिलकर योजना बनाई गयी। इसके साथ-साथ ई-रिक्शा चालकों को एक फॉर्म भरने के लिए दिया गया, जो रिक्शा चालक परिवहन निगम के मानकों को पूरा कर लेगा, उसे आसानी से सड़कों पर ई-रिक्शा चलाने की छूट होगी। इसके लिए प्रशासन द्वारा जो नियम बनाए गए हैं यदि वास्तव में वह नियम पवित्र मंशा के साथ लागू किये जाते हैं, तो शहर की सड़कों का नजारा कुछ और ही होगा। कम से कम सड़कों पर पैदल चलने वाले या निजी वाहन चालक इन ई-रिक्शाओं के जंजाल में फंसते दिखाई नहीं देंगे। आए दिन अवैध ई-रिक्शाओं के जाल से कभी लोहिया बाजार, कभी शिव चौक, कभी रेलवे स्टेशन के बाहर जाम लगता दिखाई देता है, मगर सड़क पर खड़े पुलिसकर्मियों से सहमति बनाकर सब आंख मूंदकर चलता दिखाई दे रहा है। फिर वह चाहे नाबालिग रिक्शा चालक हो या फिर 70 साल का वृद्ध हो या अन्य कोई बिना लाइसेंस वाला रिक्शा चालक हो। सहमति के बाद सब माफी है। अब देखना यह है कि प्रशासन द्वारा की गयी शानदार पहल को अमलीजामा कब तक पहनाया जाता है और उक्त नियम कितने महीने, कितने दिन लागू रहते हैं। आइये आपको बताते हैं कि अब वैध रिक्शा चालाने के लिए क्या-क्या नियम लागू होंगे।







### मंगलवार तक नगर के आम और खास लोगों से मांगी गये सुझाव

**मुजफ्फरनगर।** प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मंगलवार 27 मई रात तक आमजन से नगर को जाम से निजात दिलाने व उक्त ई-रिक्शाओं के संचालन पर राय मांगी गयी है। समाजहित में आमजन प्रशासन तक अपनी राय लिखित रूप में एसपी ट्रेफिक, एआरटीओ विभाग तक पहुंचाने की अपील की गयी है।



**प्रशासन द्वारा पहले से ही 13 रूट निर्धारित किये गए हैं। किस रूट पर कितनी रिक्शाएं चलेंगी यह भी दो दिन पहले समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित किया जा चुका है। आज हुई बैठक में एसपी ट्रैफिक प्रशान्त चौबी, एआरटीओ सुशील मिश्रा, टीएसआई इन्द्रजीत, पीटीओ इरशाद की मौजूदगी में रिक्शा चालकों को बताया कि -**

- सबसे पहले लॉटरी सिस्टम के हिसाब से रूट निकाले जाएंगे। लॉटरी में जिसका नाम जिस रूट के लिए आएगा, उसे उसी रूट पर ही अपनी वैध ही ई-रिक्शा चलानी होगी।
- दूसरे नियम के अनुसार शहरी क्षेत्रों में चलने वाली ई-रिक्शाएं शहरी क्षेत्र के अंदर के हाइवे के बॉर्डरों तक ही जा सकेंगी, हाईवे को पार करने की इजाजत किसी चालक को नहीं मिलेगी।
- तीसरे नियम के अनुसार ई- रिक्शा चालक आगे व पीछे 6 इंच की पट्टी ऊपर की ओर रूट के नाम की कि कौन सी रिक्शा कहां से कहां तक जाएगी, यह लिखकर ही चला सकेंगे।
- चौथे नियम के अनुसार निर्धारित किराये से अधिक वसूली करने की शिकायत की पुष्टि होने पर तत्काल प्रभाव से ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया जायेगा।
- पांचवे नियम के अनुसार किसी भी सूरत में कोई भी ई- रिक्शा चालक अपनी अगली सीट पर किसी महिला, युवती अथवा बच्ची को बैठाये दिखा तो उसके खिलाफ तुरन्त कार्यवाही की जाएगी।
- छठे नियम के अनुसार स्कूल की ई-रिक्शा चालकों को किसी भी रूट पर जाने की छूट दी जाएगी, मगर ई-रिक्शा का दाई ओर का हिस्सा बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से बंद कराया जायेगा और उक्त ई-रिक्शा के ऊपर स्कूली रिक्शा लिखना अनिवार्य होगा।
- सातवे नियम के अनुसार अब बिना वर्दी के यानि ग्रे रंग की ड्रेस पहनकर ही ई-रिक्शा चालकों को ई-रिक्शा चलानी होगी, साथ ही साथ वर्दी के ऊपर चालक का नाम अंकित हुई प्लेट लगी होनी चाहिए।
- आठवें नियम के अनुसार सवारी ढोने वाली ई-रिक्शाओं में यदि माल ढोता कोई चालक पकड़ा जाता है तो तत्काल उसका चालान अथवा रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने की कार्यवाही की जाएगी
- नौवें नियम में माल ढोने वाली ई-रिक्शाओं को किसी भी रूट पर जाने की इजाजत दी जाएगी, क्योंकि माल ढोने वाले को कभी किसी मार्किट तो कभी किसी सड़क पर जाना होगा, इस कारण उसे किसी भी रूट पर चलने की इजाजत प्रशासन द्वारा दी जाएगी।
- दसवें नियम के अनुसार उन ई-रिक्शा चालकों को एक माह तक रिक्शा चलाने की छूट दी जाएगी, जिनके पास लर्निंग लाइसेंस होगा। मगर तीस दिन के बाद यदि लर्निंग लाइसेंस वाले रिक्शा चालक ने अपना लाइसेंस न दिखाया तो फिर से उसका रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया जायेगा।

## व्यापारियों व ई-रिक्शा चालको में हुई नोकझोक


**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार को पुलिस लाइन में ई-रिक्शाओं के रूट निर्धारण से सम्बंधित मीटिंग के दौरान सभी को बोलने का अवसर दिया गया। ऐसे में ई-रिक्शा



चालकों ने अपना बचाव करने के लिए उल्टा व्यापारियों पर ही आरोप लगाया कि ई-रिक्शाओं की वजह से नहीं बल्कि व्यापारियों के अतिक्रमण की वजह से शहर में जाम लगता है। इस पर व्यापारी नेता राकेश त्यागी ने कहा कि हम तो ई रिक्शा चालकों के पक्ष में अपना सुझाव देने के लिए आए हैं और अवैध रूप से ई-रिक्शा चलाने वाले चालक ही उन पर ही आरोप लगाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में ई-रिक्शा चालकों ने व्यापारियों को अपने तेवर दिखाए और वहां से खुद चले जाने की हूटिंग करने लगे। मगर पुलिसकर्मियों ने उन्हें समझा-बुझाकर अपनी बात हर प्रकार से समझाने का प्रयास किया और उनकी मान मनोव्वल कर मीटिंग में बैठा लिया।

## ट्रंप ने ऐपल को दी सरेआम धमकी, कहा, भारत में आईफोन बनाए तो लगाऊंगा 25% टैरिफ

**नई दिल्ली, 23 मई (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा कि जो आईफोन अमेरिका में बिकेंगे, उन्हें भारत या किसी और देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही बनाया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो ऐपल कंपनी को



अमेरिका में अपने हर आईफोन पर कम से कम 25 फीसदी का टैरिफ देना पड़ेगा। ट्रंप यह बात खुद ऐपल के सीईओ टिम कुक से पहले भी कह चुके हैं, और अब फिर से इसे जोर देकर सार्वजनिक तौर पर दोहराया है। इस बयान के पीछे ट्रंप की सोच ये है कि अमेरिकी कंपनियों को अपने देश में ही प्रोडक्ट बनाना चाहिए, ताकि वहां नौकरियां बढ़ें और पैसा बाहर ना जाए, लेकिन ऐपल जैसी कंपनी चीन और भारत जैसे देशों में आईफोन बनवाती है, क्योंकि यहां की मजदूरी सस्ती है और मैन्युफैक्चरिंग के लिए बेहतर सप्लाई चेन भी उपलब्ध है। भारत ऐपल के लिए एक नया और अहम मैन्युफैक्चरिंग सेंटर बनता जा रहा है। तमिलनाडु में फोक्सकोन नाम की ताइवानी कंपनी आईफोन बनाती है, और टाटा इलेक्ट्रोनिक्स भी इसमें मदद कर रही है।

## नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप बने गाजियाबाद के एडीएम सिटी

### मुजफ्फरनगर में 3 वर्ष तक बखूबी निभायी अपनी जिम्मेदारी

**मुजफ्फरनगर, 23 मई (बु.)।** जनपद में 3 वर्ष से अधिक समय तक बतौर नगर मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत रहकर अपने शांत स्वभाव और निर्भीक कार्यप्रणाली के कारण लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाने वाले पीसीएस अधिकारी विकास कश्यप का शासन स्तर से प्रमोशन के साथ तबादला कर दिया है। अब उन्हें गाजियाबाद जनपद में एडीएम सिटी बनाया गया है। उन्होंने यहां मिले प्यार को एक यादगार बताते हुए सभी का आभार जताया।



मूल रूप से फर्रुखाबाद जिले के निवासी विकास कश्यप वर्ष 2015 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं। पीसीएस के रूप में चयन होने के बाद उनको जून 2016 में जनपद सुल्तानपुर में डिप्टी कलक्टर बनाया गया था। इसके बाद वर्ष 2017 में वो अलीगढ़ नगर निगम में सहायक नगर आयुक्त के पद पर तैनात रहे। यहां उन्होंने केवल दो माह ही काम किया। दिसम्बर 2017 में उन्हें जालौन में डिप्टी कलक्टर बना दिया था। यहां से उनका तबादला इसी पद पर अक्टूबर 2019 में जनपद सिद्धार्थनगर किया गया। वहां उन्होंने लंबी पारी खेली और करीब साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल के बाद शासन ने 4 अप्रैल 2022 को उनको मुजफ्फरनगर में नगर मजिस्ट्रेट बनाकर भेजा। यहां पर भी उनका लंबा व यादगार कार्यकाल रहा। यहां उन्होंने करीब तीन वर्षों से ज्यादा का कार्यकाल पूर्ण किया और अब उनको शासन ने प्रमोट करते हुए गाजियाबाद जनपद में एडीएम सिटी बनाया है। उनके तबादले के साथ यह संयोग भी जुड़ा है कि 2022 में यहां नगर मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात अनूप कुमार का तबादला आगरा में एडीएम सिटी पद पर किया गया था। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों की सकारात्मक विचारधारा और सहयोग के कारण वो इतना लंबा समय व्यतीत कर पाये। उन्होंने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग को लेकर सभी का आभार प्रकट किया।

## इंडिगो के तूफान में फंसे विमान को सुरक्षित उतरवाने में पूरी मदद की वायु सेना ने

**नयी दिल्ली 23 मई (वार्ता)** वायु सेना ने स्पष्ट किया है कि इंडिगो के दिल्ली से श्रीनगर जा रहे विमान के बुधवार को भीषण तूफान में फंसने के बाद और लाहौर हवाई नियंत्रण कक्ष से सीमा पार करने की अनुमति नहीं मिलने पर उसे श्रीनगर हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरवाने में पूरी मदद की गयी। यह विमान बुधवार शाम श्रीनगर पहुंचने से कुछ पहले भीषण तूफान में घिर गया था और पायलट ने इससे बचने के लिए खराब मौसम का हवाला देते हुए पाकिस्तान के लाहौर स्थित हवाई नियंत्रण कक्ष से मानवीय आधार पर पाकिस्तान की सीमा में प्रवेश की अनुमति मांगी थी लेकिन उसने इंकार कर दिया। भारत और पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिन्दूर के कारण एक दूसरे के विमानों के लिए अपनी हवाई सीमाओं को बंद कर रखा है। वायु सेना के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए 23 मई को रात बारह बजे तक अपनी हवाई सीमा बंद कर रखी है। उन्होंने कहा कि इंडिगो के पायलट को जब पाकिस्तान से अनुमति नहीं मिली तो वायु सेना ने उसके तुरंत बाद विमान के श्रीनगर हवाई अड्डे पर उतरने में पूरी मदद की। सूत्रों के अनुसार इससे पहले उत्तरी क्षेत्र नियंत्रण कक्ष ने पायलट को यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की सलाह दी थी। उल्लेखनीय है कि तूफान के कारण विमान के अगले हिस्से को क्षति पहुंची थी हालाकि विमान सुरक्षित उतर गया और किसी यात्री को कोई चोट नहीं आयी।

## रूस में बाल-बाल बचा भारतीय सांसदों का डेलिगेशन, फ्लाइट की लैंडिंग से पहले हुआ ड्रोन अटैक

**नई दिल्ली, 23 मई (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकियों को करारा जवाब दिया था। इस दौरान पाकिस्तान ने आतंकियों का समर्थन करते हुए भारत पर कई हमले किए, लेकिन भारत की सेना ने इन हमलों को हवा में ही नाकाम कर दिया। भारतीय सेना ने आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया है, जो अभी भी जारी है। वहीं इस ऑपरेशन के बाद आतंकवाद के बारे में दुनिया भर में भारत का प्रतिनिधिमंडल भेजा गया है। इसी क्रम में डीएमके सांसद कनिमोजी के नेतृत्व में भी भारतीय सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल रूस पहुंचा है। हालांकि यहां रूस पहुंचने के बाद विमान को करीब 45 मिनट तक हवा में ही चक्कर लगाना पड़ा। दरअसल, डीएमके नेता कनिमोझी के नेतृत्व में भारतीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल आज मॉस्को पहुंचा। इस दौरान सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को ले जा रहे विमान को ड्रोन हमले के कारण कुछ देर तक आसमान में चक्कर लगाना पड़ा। हालांकि बाद में विमान सुरक्षित उतर गया। बता दें कि डीएमके सांसद कनिमोझी, केंद्र द्वारा नियुक्त सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही थीं,



जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बाद अंतरराष्ट्रीय संपर्क अभियान के तहत भेजा गया था। ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर लक्षित एक सैन्य अभियान था। लोकसभा सदस्य कनिमोझी के करीबी सूत्रों ने बताया कि विमान को बीच हवा में चक्कर लगाना पड़ा। कनिमोझी के करीबी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया, "विमान ने हवा में चक्कर लगाया और बाद में उतरा। इसमें 45 मिनट की देरी हुई। वह (कनिमोझी) सुरक्षित उतर गईं।" बता दें कि पहलगाम हमले के एक महीने बाद पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संवेदनशील बनाने के लिए पांच देशों की यात्रा के पहले चरण में बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल गुरुवार रात मॉस्को पहुंचा। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। डोमोडेडोवो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कनिमोझी और उनकी टीम के सदस्यों का भारतीय राजदूत विनय कुमार और अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया।

## फिरोजाबाद में दिनदहाड़े चाकू से गोदकर युवक की हत्या

**फिरोजाबाद 23 मई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के थाना उत्तर क्षेत्र में शुक्रवार को शराब के ठेके पर मामूली विवाद के बाद युवक की चाकू से गोद कर हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ककरउ गांव में शराब के देसी ठेके पर कुछ लोग आज दोपहर शराब पी रहे थे। इस दौरान गांव के संजय यादव ने एक अन्य युवक से फोन पर जोर की आवाज मे बात करते समय टोक दिया गया। इसी बात का बुरा मानकर संजय यादव के साथ विवाद हो गया। संजय यादव ठेके से वाहर निकला तभी उस अन्य युवक ने उस पर तेज धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमलावर युवक मौके से फरार हो गया वही संजय यादव लहुलुहान होकर गिर पड़ा। जानकारी मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने संजय यादव (33) को मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक नगर रविशंकर प्रसाद ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखकर हमलावर के विषय में जानकारी की जा रही है। पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया है।

## हरियाणा ने कबड्डी में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में जीते स्वर्ण पदक

**दीव, 23 मई (वार्ता)** खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 शुक्रवार को खेले गए कबड्डी फाइनल मुकाबलों हरियाण की महिला और पुरुष वर्ग की टीमों ने स्वर्ण पदक जीते। आज सुबह घोघला बीच पर खेले पुरुष वर्ग के फाइनल में हरियाणा के कप्तान मोनू हुड्डा की अगुवाई में टीम ने राजस्थान पर पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए 48-29 से एकतरफा जीत दर्ज की। इस हार के साथ राजस्थान को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महाराष्ट्र को दोनों वर्गों में कांस्य पदक मिला। दो सीजन तक प्रो कबड्डी में हरियाणा स्टीलर्स की ओर से खेल चुके 23 वर्षीय मोनू हुड्डावर्तमान में साईसोनीपत में प्रशिक्षण ले रहे हैं। मोनू ने मैच के बाद साई मीडिया से कहा, ''यहां और मैट पर खेलने में तकनीकी अंतर है। यहां हर रेड 'डू ऑर डाई' होती है और हमें रस्सी पार नहीं करनी होती। हमें अंदर ही रहना होता है।''

## राज्यमंत्री ने विकास कार्यों, के साथ की कानून व्यवस्था की समीक्षा

**मुजफ्फरनगर, 23 मई (बु.)।** राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरेंद्र कश्यप ने जिले में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए सरकार द्वारा चलायी विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार के साथ ही योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिए जाने के निर्देश दिए। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने इसके लिए जिले के अधिकारियों को पूर्ण पारदर्शी रूप से योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने मेरठ रोड स्थित निरीक्षण भवन में समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को तमाम विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के साथ पात्रों को इन योजनाओं का लाभ भी पंहुचाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। समीक्षा बैठक में डीएम उमेश मिश्रा एवं सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने राज्य मंत्री को जन सामान्य हेतु सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ विकास कार्यों से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत



रूप से जानकारी दी। कानून व्यवस्था से जुड़े विषयों पर एसएसपी संजय वर्मा ने जरुरी जानकारी दी। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर स्पष्ट निर्देश दिए कि व्यवस्था इस प्रकार बनायी रखी जाये कि किसी भी निर्दोष का उत्पीड़न न हो पाए। बाद में मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने जिले के पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा की। बैठक में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शक्ति सरन श्रीवास्तव, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दीक्षा उपाध्याय ने अपने-अपने विभागों में संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं यथा-पिछड़ी जाति पूर्वदशम छात्रवृत्ति, दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति एवं पिछड़ी जाति शादी अनुदान, दिव्यांग भरण पोषण अनुदान, दिव्यांग पेंशन, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना आदि की प्रगति से अवगत कराया।

## इंसान की खोपड़ी का सूप बनाकर पीने वाले सीरियल किलर तांत्रिक को उम्रकैद

**लखनऊ, 23 मई (एजेंसी)।** लखनऊ के एडीजे कोर्ट ने सीरियल किलर राम निरंजन उर्फ राजा कोलंदर को उम्र कैद की सजा सुनाई है। राजा कोलंदर के साथी वक्षराज को भी उम्रकैद की सजा मिली है। दोनों साल 2000 में हुए डबल मर्डर में दोषी पाए गए हैं। राजा कोलंदर पर 20 से ज्यादा हत्या के मामले दर्ज किए गए थे। ज्यादातर मामलो में सुबूतों के आधार पर बरी हो चुका है। इससे पहले जज रोहित सिंह की अदालत ने सोमवार को राजा कोलंदर और वक्षराज कोल को नाका इलाके में 22 वर्षीय मनोज कुमार सिंह और उनके ड्राइवर रवि श्रीवास्तव के अपहरण और हत्या में शामिल होने का दोषी पाया था। कोर्ट ने शुक्रवार को सजा सुनाई। सरकारी वकील एमके सिंह के अनुसार, अदालत ने राजा कलंदर और उसके सहयोगी को आईपीसी की धारा 364 (हत्या के इरादे से अपहरण या अपहरण से संबंधित), 396 (हत्या के साथ डकैती), 201 (साक्ष्यों को गायब करना), 412 (डकैती से प्राप्त संपत्ति को बेईमानी से प्राप्त करना) और 404 (मृत व्यक्ति की संपत्ति का दुरुपयोग) के तहत दोषी पाया था। राजा कलंडर का बचपन का नाम राम निरंजन कोल था। वह अपने जघन्य अपराधों और कथित नरभक्षण के लिए कुख्यात था। वह एक बार उत्तर प्रदेश में एक आयुध कारखाने में कार्यरत था।

## एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में सलामी ली



**मुजफ्फरनगर, 23 मई (बु.)।** एसएसपी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को परेड की सलामी ली गई। अनुशासन व एकरूपता बनाये रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवायी गयी। वहीं शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास भी कराया गया। उसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन की समस्त शाखाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शुक्रवार को एसएसपी संजय कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में परेड की सलामी ली गई। परेड का संचालन सीओ राजूकुमार साव द्वारा किया गया। इसके बाद उनके द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई गयी। साथ ही टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक करते हुए शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास करवाते हुए दिशा निर्देश दिए। परेड के बाद उनके द्वारा पुलिसकर्मियों के खाने- पीने की व्यवस्था के लिए संचालित भोजनालय का निरीक्षण किया। पुलिसकर्मियों को मेन्यू के अनुसार प्रतिदिन गुणवत्तापूर्ण भोजन देने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उसके बाद पुलिस लाईन स्थित बैरकों का निरीक्षण किया। उसके बाद एसएसपी ने मोटर परिवहन शाखा, शौचालय, बारबर शॉप, पुलिस कैफे, लाइब्रेरी, कैंटीन का निरीक्षण किया। उसके बाद डायल 112 पर वाहनों पर प्राथमिक चिकित्सा सहायता किट व अन्य उपकरणों की स्थिति को चेक किया गया। उसके बाद एसएसपी द्वारा पुलिस लाईन स्थित अधिकारी व कर्मचारियों का अर्दली रूम लिया गया।

## क्लर्क की नौकरी के नाम पर महिला से 15 लाख की ठगी

**मुजफ्फरनगर, 23 मई (बु.)।** एक महिला से स्कूल में क्लर्क की नौकरी दिलाने के नाम पर 15 लाख रुपए हड़प लिए गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित महिला के रकम वापस मांगने पर आरोपी ने धमकी दी है। नई मंडी क्षेत्र के मौहल्ला गांधी नगर निवासी रेखा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मोहल्ला बचन सिंह कॉलोनी निवासी कर्मवीर का उसके घर आना-जाना था। वह उसका रिश्तेदार भी है। आरोपी ने उसे बताया कि उसके बेटे की स्कूल में क्लर्क में नौकरी लगवा देगा, इसके लिए 15 लाख रुपए की व्यवस्था करनी होगी। आरोपी की बातों में आकर महिला ने 4 लाख रुपए नकद व 11 लाख रुपए उसके खाते में ट्रांसफर करा दिए। दो माह तक आरोपी नौकरी लगवाने के नाम पर टाल-मटोल करता रहा। रकम वापसी मांगने पर आरोपी ने उसके साथ गाली गलौच कर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे रकम वापस मांगने पर उसे धमकी भी दे रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गैंगस्टर कोर्ट ने दो आरोपियों को सजा सुनाई

**मुजफ्फरनगर, 23 मई (बु.)।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत गैंगस्टर कोर्ट ने अलग अलग दो आरोपियों को सजा सुनाई है। अभियान के तहत आरोपी विकास निवासी सिसौना थाना छपार के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। गैंगस्टर कोर्ट नम्बर 5 ने आरोपी विकास को तीन साल की सजा व 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इसके अतिरिक्त आरोपी तौराब निवासी छपार के खिलाफ थाना छपार पर गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। इस मामले की सुनवाई भी गैंगस्टर एक्ट कोर्ट नम्बर 5 में हुई। कोर्ट ने आरोपी तौराब को 4 साल की सजा व 10 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई गयी।

## सीएम योगी ने हनुमानगढ़ी और श्रीरामलला के दरबार में टेका मत्था

**अयोध्या, 23 मई (वार्ता)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या में प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी और श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन पूजन किया। एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे योगी का रामकथा पार्क स्थित हैलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व



भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। वहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां पहुंचकर उन्होंने हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद आयोजित 'श्री हनुमत कथा मण्डपम' के लोकार्पण समारोह में पहुंचे। यहां से वह श्रीरामलला के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे और भगवान श्रीराम से देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की।

## यूपी के राज्य सूचना आयुक्त का निधन

**लखनऊ 23 मई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त गिरजेश चौधरी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह करीब 62 वर्ष के थे। जानकारी के अनुसार सूचना आयुक्त राकेश कुमार के कक्ष में आयोजित जलपान में श्री चौधरी गुरुवार को शामिल हुये थे। इसके बाद वह बस्ती में एक समारोह में शामिल होने चले गये, वहीं बीती रात उन्हें दिल का दौरा पड़ा। पहले बस्ती जिला अस्पताल और फिर लखनऊ में लारी इंस्टिट्यूट लाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका। हंसमुख स्वभाव और शानदार व्यक्तित्व के धनी श्री चौधरी मूल रूप से संत कबीर नगर (पूर्व में बस्ती) जिले के सेमरियावां विकासखंड के चंगेरा मंगेरा गांव के मूल निवासी थे। लखनऊ में उनका आवास मुंशी पुलिया के पास मानस विहार में है।




## कंधे की चोट से उबर चुके हेजलवुड प्लेऑफ में कर सकते है वापसी

**बेंगलुरु 23 मई (वार्ता)** चोट से उबर चुके ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जॉश हेजलवुड इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के प्लेऑफ के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में वापसी कर सकते हैं। हेजलवुड कंधे की चोट के रिहैब से गुजरने के बाद वह पूरी तरह फिट हो चुके हैं। वह प्लेऑफ के लिए आरसीबी के लिए वापसी कर सकते है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। वह आईपीएल के स्थगन से पहले आरसीबी के लिए पिछला मैच नहीं खेल पाए थे।

## भीलवाड़ा: दुपट्टे के सहारे 1 करोड़ से ज्यादा की चोरी

**भीलवाडा, 23 मई (एजेंसी)।** राजस्थान के भीलवाड़ा में जैन तीर्थ स्थल स्वस्ति धाम मंदिर से एक करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत के गहने चोरी हो गए। चोर ने रात के समय घटना को अंजाम दिया। अज्ञात चोर ने जैन तीर्थ स्थल स्वस्ति धाम मंदिर को निशाना बनाया। उसने एक करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत के भगवान के श्रृंगार के सोने-चांदी के गहने चोरी कर लिए। घटना जहाजपुर उपखंड मुख्यालय की है। यहां शाहपुरा रोड स्थित स्वस्ति धाम में अज्ञात चोर ने बीति देर रात चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर मंदिर की दिवार पर दुप्पटे की सहायता से चढ़कर मंदिर के अन्दर पहुंचा। इसके बाद उसने भगवान की मूर्तियों के श्रृंगार के सोने चांदी के लगभग सवा करोड़ रुपए के आभूषण चुरा लिए। मंदिर में चोरी की घटना को लेकर जहाजपुर स्वस्ति धाम मंत्री पारस जैन ने कहा कि वह घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और जहाजपुर पुलिस को सूचना दी। जहाजपुर थाना अधिकारी राजकुमार नायक शाहपुरा रोड स्थित स्वस्तिधाम पहुंचे। उन्होंने बताया कि दिगम्बर जैन मंदिर में मुनिसुव्रतनाथ भगवान की गर्भ गृह में स्थापित प्रतिमा के सिर के पीछे 1 किलो 305 ग्राम सोना और लगभग 03 किलोग्राम चांदी से बने भामण्डल, प्रतिमा के सामने कीमती धातु का कछुवा और आदिनाथ भगवान की वेदी से स्वर्ण पोलिस यंत्र चुरा ले गया। जैन तीर्थ स्थल पर हुई चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस सीसीटीवी वीडियो के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज तलाश शुरू कर दी है। तीर्थ स्थल में हुई चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए शाहपुरा के एएसपी राजेश आर्य घटनास्थल पर पहुंचे। मंदिर और तीर्थ स्थल का मुआयना करने के बाद उन्होंने जहाजपुर डिप्टी और जहाजपुर थाना अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।

## आतंकवाद ही बनेगा पाकिस्तान के अंत का कारण : योगी

**अयोध्या, 23 मई (वार्ता)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के अंत की शुरुआत हो चुकी है और आतंकवाद ही उसके अंत का कारण बनेगा। उन्होने हनुमान जी का उदाहरण देते हुए कहा कि बजरंगबली ने रावण के दरबार में यही संदेश दिया था। पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देकर खुद को बर्बाद कर रहा है। भारतीय सेना की कार्रवाई में 124 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं। यह गलती पाकिस्तान की है, जो आतंकियों को प्रश्रय दे रहा है। ये आतंकवाद पाकिस्तान को ले डूबेगा और इसमें ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अध्यात्मिक जगत में कोई अस्तित्व नहीं है। जिसका अपना वास्तविक अस्तित्व न हो, उसकी एक निश्चित लाइफ होती है। अब पाकिस्तान का समय पूरा हो गया है। अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान हनुमानगढ़ी में श्रीहनुमत कथा मंडपम का भव्य लोकार्पण करने के बाद योगी ने अयोध्या की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक प्रगति की चर्चा करते हुए सनातन धर्म की रक्षा और इसके वैश्विक प्रचार-प्रसार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने हनुमानगढ़ी को भक्ति, शक्ति, बुद्धि और युक्ति का संगम बताते हुए इसे सनातन धर्म का एक अडिग गढ़ बताया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को अव्यवस्थाओं में झोंककर इसे अपमानित करने का कार्य किया गया। वहीं 2014 और 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार में अयोध्या का विकास डबल स्पीड से हुआ है। हमें अपने मित्र और शत्रुओं की पहचान रखना जरूरी है।



## विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी के मामले में फिर मांगी माफी, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई थी कड़ी फटकार

**नई दिल्ली, 23 मई (एजेंसी)।** कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह ने फिर से माफी मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर कैप्शन भी माफी वाला लिखा है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने विजय शाह को सोमवार को कड़ी फटकार लगाई थी। इस दौरान कोर्ट ने कहा था कि कई बार लोग मगरमच्छ के आंसू वाली भी माफी मांगते हैं। कोर्ट ने कहा था कि मंत्री को उचित माफी मांगकर या माफी के साथ खेद व्यक्त करके खुद को सही साबित करना चाहिए था। साथ ही कोर्ट ने जांच के लिए एसआईटी गठित करने का आदेश दिया था, जो 28 मई तक स्टेटस रिपोर्ट पेश करेगी। इससे पहले मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर डीजीपी को मंत्री के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया था।

विजय शाह ने शुक्रवार को वीडियो जारी कर माफी मांगते हुए कहा - जय हिन्द, पिछले दिनों पहलगाम में हुए जघन्य हत्याकांड से मैं मन से बहुत दुखी और विचलित हूं। मेरा राष्ट्र के प्रति अपार प्रेम और भारतीय सेना के प्रति आदर एवं सम्मान हमेशा रहा है। मेरे द्वारा कहे गए शब्दों से समुदाय, धर्म, देशवासियों को दुख पहुंचा है, यह मेरी भाषाई भूल थी. मेरा आशय किसी भी धर्म, जाति या समुदाय को ठेस पहुंचाने, आहत करने का नहीं था। मैं भूलवश अपने द्वारा कहे गए शब्दों के लिए पूरी भारतीय सेना से, बहन कर्नल सोफिया से, एवं समस्त देशवासियों से पूरी तरह से क्षमा प्रार्थी हूं और फिर से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। एसआईटी की टीम में तीन आईएएस अधिकारी, एक आईजी और दो एसपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं। पहले मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने इस मामले संज्ञान लेकर में एफआईआर करने के आदेश दिए थे। उसके बाद एफआईआर करने में लीपापोती की गई। पहले तो देर से एफआईआर दर्ज की गई। दूसरा जिस तरह की एफआईआर दर्ज की गई थी, उस पर भी मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने अपनी नाराजगी जताई थी। इसके बाद पूरा मामला लेकर विजय शाह सुप्रीम कोर्ट की शरण में पहुंचे थे। सुप्रीम कोर्ट ने भी उन्हें फटकार लगाई थी। हालांकि एसआईटी को मामले की जांच सौपी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मंत्री के बयान से पूरा देश शर्मसार है। मंत्री को उचित माफी मांगकर या माफी के साथ खेद व्यक्त करके खुद को सही साबित करना चाहिए था। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि उन्होंने किस तरह की माफी मांगी है? हम देखना चाहते हैं कि कैसी माफी मांगी है? माफी मांगने के कई तरीके हैं। कई बार लोग मगरमच्छ के आंसू वाली माफी भी मांगते हैं। कभी-कभी परिणाम से बतने के लिए भी लोग माफी मांगते हैं।

## रामपुर तिराहा कांड व सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले में अब 29 को होगी सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 23 मई (बु.)।** रामपुर तिराहाकांड से जुड़े सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले में बचाव पक्ष ने कोर्ट में अपनी अंतिम बहस की। कोर्ट ने मामले में सुनवाई के लिए 29 मई की तिथि नियत की है। वहीं सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। इस मामले में भी सुनवाई के लिए 29 मई की तिथि नियत की गई है। 1 अक्तूबर 1994 की रात्रि पृथक राज्य की मांग के लिए दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। पुलिस फायरिंग में सात आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी, जबकि महिलाओं से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के आरोप भी लगे थे। इस प्रकरण में सीबीआई की तरफ से हाईकोर्ट के आदेश पर सात मुकदमे दर्ज कराए थे। सरकार बनाम एसपी मिश्रा व ब्रजकिशोर मामले की सुनवाई एसीजेएम प्रथम



देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चल रही है। सीबीआई के लोक अभियोजक धारा सिंह मीणा ने बताया कि सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले में कोर्ट में बचाव पक्ष ने अपनी अंतिम बहस की है। कोर्ट में मामले में सुनवाई के लिए 29 मई की तिथि नियत की है। वहीं सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले में कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी है। इस मामले में सुनवाई के लिए 29 मई की तिथि नियत की है।